हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–163 : जौनपुर, गुरुवार 18 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

रायगढ़ में नाव से एके–47 बरामद : फडणवीस बोले– बोट ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की

मुंबई ब्यूरो : महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में संदिग्ध नाव मिलने से हड़कंप मच गया है। नाव में एके–47 राइफल, कुछ राइफलें व भारी संख्या में कारतूस मिलने की खबर है। ये नाव रायगढ़ जिले में स्थित हरिहरेश्वर समुद्र तट पर मिली है। हरिहरेश्वर तट मुंबई से 200 और पुणे से 170 किलोमीटर दूर बताया गया है। श्रीवर्धन (रायगढ़) विधायक, अदिति तटकरे ने कहा कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार रायगढ़ के श्रीवर्धन के हरिहरेश्वर और भारदखोल में हथियार–दस्तावेज वाली कुछ नावें मिली है। जांच चल रही है, मैंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ।जै या स्टेट एजेंसी की स्पेशल टीम तत्काल नियुक्त करें। मामले में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान जारी किया है। उनका कहना है कि मामले पर सरकार गंभीरता से नजर बनाए हुए है। गंभीरता के साथ जांच की जा रही है। महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नाव एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की है। नाव यूरोप जा रही थी। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक समुद्र में नाव का इंजन खराब हो गया था। कोरियाई नाव से लोगों को निकाला गया। अब यह अब हरिहरेश्वर समुद्र तट पर पहुंच गई है। आगामी त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नाव से तीन एके–47 राइफलें मिलीं। आधी टूटी हालत में नाव हाईटाइड के कारण कोकण तट की ओर आ गई। केंद्रीय एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है। किसी भी परिणाम की किसी भी संभावना को हल्के में नहीं लिया जाएगा। एटीएस भी इस पर काम कर रही है। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बल भी तैनात किया जाएगा। अलर्ट की

स्थिति के मानदंडों के अनुसार सभी आवश्यक सावधानियां बरती गई हैं। उन्होंने कहा कि किसी आतंकी एंगल की पुष्टि नहीं हुई है। यहां नाव अभी–अभी यहां पहुंची है। हम किसी भी बात से इनकार नहीं कर रहे हैं। सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। रायगढ़ जिले में हाईअलर्ट रायगढ़ जिले में हाईअलर्ट जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार दो संदिग्ध नाव लावारिस मिली हैं। इनमें से एक में ये हथियार मिले हैं। इन नावों में कौन सवार होकर आया और ये कहां से आई, इन बातों की पड़ताल में सुरक्षा एजेंसियां जुटी हैं। पुलिस ने नाव को अपने कब्जे में ले लिया है। यह नाव समुद्र के किनारे मिली है। पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है, ताकि नाव के बारे में जानकारी हासिल की जा सके। महाराष्ट्र एटीएस की टीम रायगढ़ के लिए रवाना हो गई है। यह टीम इस पूरे मामले की पड़ताल करेगी। 26/11 जैसी साजिश की आशंका महाराष्ट्र में मिली इस संदिग्ध नाव से गुजरात के पोरबंदर तट पर पूर्व में मिली संदिग्ध ा नाव और उसके बाद मुंबई में हुए 26/11 जैसी आतंकी साजिश की आशंका पैदा हो गई है। यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर ये नाव कहां से आई और इसमें मिले हथियार किसने भेजे? क्या नाव में कोई सवार होकर आया था और यदि आया था तो वह कहां है?

कवि सम्मेलन में कवियों ने भरा देशभक्ति का जज्बा : आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पीयू में हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में बुध ावार की देर शाम तक चले कवि सम्मेलन में विद्यार्थियों,शिक्षकों एवं कविगण की देशभक्ति केंद्रित रचनाओं से श्रोतागण झूम उठे। कवि सम्मेलन का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। कवि सम्मेलन की मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में जन जन में एक नई ऊर्जा देखने को मिली। लहराते तिरंगे के पीछे बहुत से बलिदानों की कहानी है। उन्होंने इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने में केंद्र और राज्य सरकार की भूमिका की सराहना की तथा इस अवसर पर कारगिल के जवानों के दर्द को भी गीत के माध्यम से सुनाया। कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि कवि सितारों में सूर्य की तरह होते है। उन्होंने अपनी रचना कौन सी कविता होती है पूरी, सदा रहती है अधूरी, इच्छाओं की तरह सुना कर खूब तालियां बटोरी। डॉ. पी. सी विश्वकर्मा ने देशभक्ति रचना सरहद पर लड़ने वालों का दुनिया में नाम है, भारत के इन सपूतों को मेरा सलाम है।बड़े जोश के साथ सुनाया। कवि सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के समय तिरंगे की ताकत पूरी दुनिया ने देखा। मिल जुल कर रहेगा प्यारा यह हमारा देश, होने वाला कभी नहीं यहा पर दंगा.... सुनाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। गिरीश श्रीवास्तव 'गिरीश' ने बड़े रोचक अंदाज में हिन्द के वासी है हम, हर दिल में हिंदुस्तान लिख दो...सुनाया। डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने मैं देशभक्त का परचम हूँ, मैं आजादी का राग हूँ, मैं जलियावाला बाग हूँ. ...सुनाया। लोक भाषा में देश के जवानों की ताकत बया की। कवि डॉ.

प्रतीक मिश्र ने कदम से कदम मिलाते चलो के साथ कई रचनाएँ सुनाई। एचआरडी विभाग के विद्यार्थी रितिक पांडे ने अपनी स्वरचित रचना आओ सब मिलकर बोले भारत देश महान बा... की शानदार प्रस्तुति दी। बीटेक के विद्यार्थी नितेश दुबे ने माँ पर मार्मिक प्रस्तुति दी। बीटेक के ही विद्यार्थी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने भारत माता और आजादी पर काव्य पाठ कर जोश भर दिया। प्रस्तुति की श्रृंखला में परिसर अन्य विद्यार्थियों तथा शिक्षकों में डॉ अवधेश मौर्या, कीर्तिलता राव, खुशबू प्रजापति, सुमित मौर्य, अभिनव कीर्ति पाण्डेय, रितेश पांडे, विवेक सिंह, वैष्णवी गुप्ता, वैभव बिंदुसार, सुंदरम दुबे ने काव्य पाठ कर खूब तालियां बटोरी। अतिथियों का स्वागत हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र ने एवं आभार प्रो अजय प्रताप सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र दुबे, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह, प्रो बीबी तिवारी,एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव, प्रो वंदना राय, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो राजेश शर्मा, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो संदीप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो नूपुर तिवारी, डॉ प्रमोद यादव, डॉ. रसिकेश, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अमरेंद्र सिंह, ए आर अजीत सिंह, श्रीमती बबिता सिंह, अमृतलाल, दीपक सिंह, शशिकांत यादव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चंदन सिंह समेत विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

एक माह में कोरोना से मौतें 35 फीसदी बढ़ीं : डब्ल्यूएचओ प्रमुख और डॉ. पाल ने चेताया

नई दिल्ली एजेंसी : कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। पिछले चार सप्ताहों में दुनियाभर में इस महामारी से मौतों की संख्या में 35 फीसदी की चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख डॉक्टर टेड्रोस घेब्रेयसस ने दुनियाभर के लोगों के लिए वीडियो संदेश जारी कर फिर चेताया है। यह लगातार तीसरा साल है, जब कोविड–19 वायरस समूची दुनिया के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। कोरोना महामारी को लेकर महामारी विशेषज्ञ व नेता बार–बार कह रहे हैं कि हमें कोरोना के साथ जीना सीखना होगा। इस पर घेब्रेयसस ने कहा कि हम यह नहीं मान लें कि बीमारी खत्म हो गई है। हमें इससे खुद के और दूसरों के बचाव के लिए साधनों से हमेशा लैस रहना होगा। घेब्रेयसस ने अपने ताजा संदेश में कहा, 'हम सब कोरोना वायरस व महामारी से थक व उब गए हैं, लेकिन यह वायरस अभी नहीं थका है।' ओमिक्रॉन अब भी प्रमुख वैरिएंट कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट अब भी प्रमुख वैरिएंट बना हुआ है। पिछले एक महीने में, ठ।.5 सब स्ट्रेन 90 फीसदी से अधिक नमूनों में मिला है। अपने वीडियो संदेश में डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कहा– 'एक चार सप्ताह में 15,000 लोगों ने कोविड से जान गंवाई। यह संख्या बर्दाश्त के बाहर है, क्योंकि हमारे पास संक्रमण को रोकने और लोगों की जान बचाने के लिए सारे संसाधन हैं। हम में से कोई भी असहाय नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति टीका लगवाए और जरूरत पड़ने पर बूस्टर (खुराक) लें। मास्क पहनें और सुरक्षित शारीरिक दूरी बनाए रखें।' उन्होंने निराश

होकर यह भी कहा कि अस्पतालों की बढ़ती संख्या के बावजूद हम टीकों की असमान पहुंच के साथ नहीं रह सकते हैं। अब तक 59 करोड़ लोग संक्रमित कोरोना महामारी से अब तक दुनियाभर में 59 करोड़ से अधिक संक्रमित हो चुके हैं। इस दौरान 64 लाख से अधिक मौतें हुई हैं। अमेरिका में सबसे ज्यादा 9.3 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं। भारत में लगभग 4. 4 करोड़ लोग संक्रमित हो चुके हैं। बूस्टर खुराक समेत सभी एहतियात आवश्यक : डॉ पाल इस बीच, भारतीय नीति आयोग के सदस्य स्वास्थ्य डॉ. वीके पाल ने कहा है कि कोविड–19 महामारी अब भी मौजूद है। यह पिछले कुछ सप्ताहों में बढ़ रहा है, इसलिए टीके की बूस्टर खुराक समेत सभी आवश्यक उपाय करना जरूरी है। इनमें मास्क व सुरक्षित शारीरिक दूरी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि कोबेवैक्स टीके को बूस्टर खुराक के रूप में मंजूरी दी गई है। यह पूर्व में अन्य टीकों की खुराक लेने वाले भी लगवा सकते हैं।

विद्यार्थियों ने मिलजुल कर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया –डॉ रवि कांत पाठक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत उदय डॉक्टर रवि कांत पाठक के निर्देश पर निर्बल वंचित बच्चों को निशुल्क शिक्षा नारायणपुर सुंडा संडीला हरदोई में उपलब्ध कराई जा रही गांव की पर्यावरणीय व्यवस्था को ठीक करने के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों और बच्चों ने हिस्सा लिया। शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को पुरस्कृत कार्यक्रम चीफ गेस्ट पूर्व होमगार्ड कंपनी कमांडर श्री वीरेंद्र यादव जी द्वारा किया गया पाठक जी के मार्गदर्शन में घूम रहे गांव में अशिक्षित बच्चों को पकड़कर शिक्षा दिलाना चालू किया अध्यापिका लक्ष्मी दीक्षित बच्चों को अच्छे संस्कार देने का कार्य कर रही कार्यक्रम में उपस्थित गमोहन यादव प्रीतम अर्कवंशी श्रवण डमरु रघुवीर मौर्य रामजीवन यादव चंद्रभाल अर्कवंशी प्यारे यादव दिनेश दीक्षित जितेंद्र अजीत सिंह यादव रूबी अर्कवंशी मोहिनी परमेश्वर दिन अर्कवंशी विद्यार्थी आर्मिक आर्यस दीपाली शालिनी आदि सभी विद्यार्थियों ने

मिलजुल कर वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया डॉ रवि कांत पाठक के द्वारा कराए जा रहे कार्य को देखकर ग्रामीणों में खुशी की लहर है संतोष सिंह लखनऊ में छोटी सी नौकरी करते हैं और अपने गांव के लिए इतनी बड़ी सोच उन्होंने भारत उदय मिशन के संरक्षक डॉ रवि कांत पाठक तथा प्रबंधक प्रशांत गुप्ता व हर्ष मिश्रा के साथ इस कार्यक्रम को गांव गांव में पहुंचाने का संकल्प लेते हैं।

डॉक्टर स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज की अध्यक्षता में तुलसी जन्मभूमि संगोष्ठी आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। तुलसी जन्मभूमि संगोष्ठी सनातन धर्म परिषद एवं श्री तुलसी जन्मभूमि न्यास के तत्वावधान में तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत जनपद गोंडा तथा ननिहाल दधिवलकुंड दहौरा भिलौराबासू विकासखंड फखरपुर जनपद बहराइच के विकास पर तुलसी जन्मभूमि संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम पंडित राम हर्ष मिश्र विवेकानंद इंटर कॉलेज महसी बहराइच में प्रबंधक देवेश चंद्र मिश्र के सफल नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्वानों ने कहा कि तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत गोंडा का उल्लेख सरकार द्वारा पाठ्य पुस्तकों में संदर्भित किया जाना अत्यावश्यक है। जब राजापुर बांदा वर्तमान चित्रकूट का रहस्य सामने आ गया उसका नाम विक्रमपुर था । संवत् 1913 में हिंदूपत ने विक्रमपुर का नाम कटा कर राजापुर कराया। अतः शिक्षण संस्थाओं में भावी पीढ़ियों को पुनः दिग्भ्रमित न किया इसके साथ ही गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित रामचरितमानस में भी अब तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत गोण्डा को प्रकाशित किया जाना चाहिए। वक्ताओं में देवेश चंद्र मिश्र प्रबंधक, श्री

यशपाल सिंह प्राचार्य, रंजीत सिंह कनौजिया, अतुल विवेक यादव,राजेंद्र प्रसाद, राजेंद्र बाबू, कृष्ण कुमार शुक्ला, श्री सियाराम विश्वकर्मा, भोला शंकर बाजपेई, अनिल सिंह, नितिन पांडे, राजीव अवस्थी, रुपेश शुक्ला तथा सुश्री रेनू यादव आदि महानुभावों ने कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद ने उक्त जानकारी दी।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

समाजसेवी संदीप दुबे ने भूमि पूजन कर इंटरलॉकिंग रोड बनाने का किया शुभारंभ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के मोहान रोड स्थित पिंक सिटी देवलोक मन्दिर से लगभग 70 मीटर 'रास्ता' में इंटरलॉकिंग रोड महापौर निधि से बनना प्रारंभ हुआ। शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित

कार्यक्रम में समाज सेविका श्रीमती कल्पना दुबे एवम् स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पिंक सिटी में स्थापित देव लोक मंदिर के संस्थापक संदीप कुमार दुबे जो मा० राज्यपाल जी के पी एस ओ हैं। माननीय मुलायम सिंह यादव, सुश्री मायावती, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के भी पी.एस.ओ. रह चुके हैं। समाजसेवी संदीप कुमार दुबे के अथक प्रयास से जनहित के तमाम कार्य होते रहते हैं। गृह जनपद से आने वाले गाँव के लोगों की मदद भी करते रहते हैं।

पुरानी पेंशन बहाल कराना है अटेवा का लक्ष्य – सुबाष सरोज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा जौनपुर की आज पेंशन जागरूकता सहयोग सदस्यता अभियान की बैठक कैम्प कार्यालय जौनपुर में की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से सुभाष सरोज को अटेवा जौनपुर का जिला संगठन मंत्री मनोनीत किया गया, नाम का प्रस्ताव जिला मीडिया

प्रभारी इंदु प्रकाश ने व अनुमोदन जिला संयोजक चंदन सिंह ने किया! सुभाष सरोज ने आभार जताते हुए पेंशन जागरूकता अभियान मे समस्त पदाधिकारियों द्वारा उत्साह पूर्वक सहयोग की सराहना की। सभी ब्लाको मे सदस्यता अभियान की शुरुआत प्रारंभ की जा चुकी है।शिक्षक कर्मचारियों मे गजब का उत्साह दिख रहा है।उन सब को लग रहा है कि पेंशन का संघर्ष केवल अटेवा ही कर रहा है स न्याय पंचायत वार सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी दी जाए निजीकरण की खामियों लोगो को आगाह किया और पुरानी पेंशन बहाली की माँग को दुहराया ! बैठक मे जिला मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने सभी लोगो से अटेवा से जुड़ कर पेंशन की लड़ाई को मजबूती देने की अपील की! बैठक में जिला संयोजक चंदन सिंह ,महामंत्री संदीप चौधरी , कोषाध्यक्ष टी एन यादव डा कृपा निधि यादव, डा हरे कृष्ण सिंह, रत्ती लाल निषाद, डा रजी अहमद, मनीष यादव, आनंद निषाद, डॉ राजेश उपाध्याय, शांत सिंह धीरेंद्र प्रताप , अतुल मिश्रा, कृष्ण कुमार मौर्य , संदीप यादव, प्रमोद प्रजापति आदि पेंशन विहीन साथी उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

तन का रोग भले ही डॉक्टर जांच ले पर मन का रोग तो तुम्हें स्वयं जांचना पड़ेगा।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

आजादी को समृद्ध बनाती प्रौद्योगिकी

प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त, 2015 को डिजिटल इंडिया और स्टार्ट–अप इंडिया का आह्वान किया था। तबसे भारत में डिजिटलीकरण की विशेष प्रगति हुई है।

जैसा कि भारत आजादी के अमृत महोत्सव समारोहों के साथ आजादी की 75वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है, प्रौद्योगिकी ने निस्संदेह इसे एक रोमांचक आयाम दिया है, क्योंकि हम अगले 25 वर्षों यानी 2047 तक के बारे में सोच रहे हैं।

हालांकि देश ने 1947 में ही अपनी राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल कर ली, लेकिन नागरिकों ने 1991 में उदारीकरण और सुधारों के बाद ही सामूहिक रूप से आर्थिक आजादी का एहसास करना शुरू किया। उदारीकरण के बाद भारत की नॉमिनल जीडीपी 1991 के 275 अरब डॉलर से बढ़कर 2022 में 30.16 खरब डॉलर हो गई, जो डॉलर के संदर्भ में 8.2 फीसदी की जबर्दस्त चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) है।

भारत के जबर्दस्त विकास में देश के उद्यमी वर्ग के सामूहिक प्रयास का महत्वपूर्ण योगदान है–जो 1991 में मुक्त हुआ और रोमांचक अवसरों का लाभ उठाने के लिए स्वतंत्र हो गया। विशेष रूप से, आईटी उद्योग और अन्य प्रौद्योगिकी–आधारित उपक्रमों ने भारत के विकास को प्रेरित किया है और आने वाले दशकों में इसमें तेजी लाने के लिए तैयार हैं। आज भारत वैश्विक स्तर पर किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में इस क्षेत्र में वर्चस्व बनाए हुए है। देश 175 अरब डॉलर के सॉफ्टवेयर का निर्यात करता है, इस क्षेत्र में 51 लाख लोग कार्यरत हैं और इसमें 60 फीसदी वैश्विक सॉफ्टवेयर आउटसोर्सिंग बाजार शामिल है।

दुनिया की शीर्ष 10 आईटी कंपनियों (वैश्विक बाजार मूल्य के आधार पर) में से पांच भारतीय हैं। शीर्ष पांच कंपनियों में तीन भारतीय हैं। शीर्ष दस कंपनियों में कार्यरत 30 लाख से ज्यादा लोगों में से 21 लाख भारतीय हैं। यहां तक कि 60 लाख सॉफ्टवेयर कर्मचारियों वाले अमेरिका में भी 10 लाख भारतीय हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी कंपनियों के लिए काम करने वाले 95 लाख लोगों में से 35 लाख भारतीय हैं। भारत ने सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में, विशेष रूप से सेवाओं में, मानव पूंजी का जो निर्माण किया है, वह चौंका देने वाला है।

उदारीकरण के बाद आईटी सेवा उद्योग में तेजी से वृद्धि का कारण यह था कि हार्डवेयर पर उच्च सीमा शुल्क और आयात शुल्क समाप्त कर दिया गया था। इससे उद्यमियों का एक असाधारण वर्ग उभरा। और यह चलन आज भी जारी है, क्योंकि भारत के स्टार्ट–अप इको सिस्टम को अभूतपूर्व रूप से सफल आईटी उद्योग के कंधों पर आगे ले जाया गया है।

हमारे देश में 75,000 से अधिक स्टार्ट–अप हैं, जो संयुक्त रूप से 450 अरब डॉलर की पूंजी का निर्माण करते हैं, इनमें से 105 यूनिकॉर्न हैं। वर्ष 2014–2021 के बीच लगभग 120 अरब डॉलर की पूंजी इस क्षेत्र में आई, और मौजूदा 2022 की पहली छमाही में, पहले ही भारतीय स्टार्ट–अप्स द्वारा 16 अरब डॉलर जुटाए गए हैं। भारत 2022–25 की समय सीमा में अतिरिक्त 120–150 अरब डॉलर की पूंजी जुटा सकता है, जिससे 2025 के अंत तक एक संयुक्त आईटी क्षेत्र का मूल्य 10 खरब डॉलर और 250 यूनिकॉर्न के करीब हो जाएगा। देश अभी अमेरिका और चीन के बाद दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्ट–अप का घर है, जो जल्द ही दूसरे स्थान पर आने की राह पर है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त, 2015 को डिजिटल इंडिया और स्टार्ट–अप इंडिया का आह्वान किया था। तबसे भारत में डिजिटलीकरण की विशेष प्रगति हुई है। भारत डिटिजलीकरण के मामले में वैश्विक अग्रणी बनकर उभरा है।

सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल ने भारत में डिजिटल पहुंच को लोकतांत्रिक बना दिया है और 1.4 अरब भारतीयों की उंगलियों ने डिजिटल समावेशन को संभव बनाया है। आज भारत निस्संदेह दुनिया की शीर्ष तीन डिजिटल शक्तियों में से एक है। यह देश के उद्यमी वर्ग और पिछले 30 वर्षों में विभिन्न पार्टियों की सरकारों की सक्रिय नीतियों का उत्पाद है।

जब देश की स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारत अगले 25 वर्षों की ओर देख रहा है, तो यह कहना सही होगा कि भारत दुनिया के डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण आंदोलन के केंद्र में होगा। राष्ट्र यह भी सुनिश्चित करेगा कि डिजिटलीकरण भारत की सामाजिक–आर्थिक उपलब्धियों को रेखांकित करता रहे।

विश्व स्तर पर भारत के तकनीकी नेतृत्व को मजबूत करने और बनाए रखने के लिए उच्च शिक्षा में निवेश करने की आवश्यकता है। राष्ट्र को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में डॉक्टरेट और परास्नातक विद्वानों की संख्या बढ़ाकर विशेषज्ञ तैयार करने पर ध्यान देना चाहिए। भारत अनुसंधान और नवाचार खर्च के मामले में अन्य अर्थव्यवस्थाओं से पीछे है और इसे ठीक करने के लिए समय पर संसाधनों को तैनात करना चाहिए।

प्रौद्योगिकी हर सामाजिक–आर्थिक विकास इंजन को गति देगी, और भारत इन मंचों को विकसित करने में पीछे नहीं रह सकता। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 अनुसंधान एवं विकास के लिए एक भविष्योन्मुख ढांचा प्रदान करती है, जिसमें पांच वर्षों में 50,000 करोड़ के प्रारंभिक खर्च के साथ राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एनआरएफ) का निर्माण शामिल है। स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मनाते हुए हम सभी भारतीय विश्व स्तरीय आईटी एवं अन्य प्रौद्योगिकी–आधारित पारिस्थितिकी तंत्र होने का गर्व कर सकते हैं।

प्रौद्योगिकी प्लेटफार्मों ने पहले ही नागरिकों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोबाइल से जुड़े लाखों बैंक खातों, यूपीआई लेन–देन की मात्रा में वृद्धि, वीडियो और ऑडियो जैसे डिजिटल मोड की खपत और दूरसंचार की कम लागत से यह स्पष्ट है। ये उपलब्धियां, वास्तव में, उत्सव का कारण हैं, क्योंकि हम अगले 25 वर्षों के विकास के लिए रूपरेखा तैयार करते हैं और एक सच्ची वैश्विक शक्ति बनते हैं। –टीवी मोहनदास पई एरियन कैपिटल पार्टनर्स के चेयरमैन एवं निशा होला सी–कैंप की टेक्नोलॉजी फेलो हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

भू माफियाओं के खिलाफ गरजे परमहंस आचार्य : अयोध्या के प्राचीन रविदास मंदिर का मामला

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या ध ाम में लगातार भूमि भू माफियाओं की गुड्डा गर्दी देखने को मिल रही है। एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहा अयोध्या के ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर संत गुरु रविदास मंदिर की बेस्किमती मंदिर को भू माफियाओं के चंगुल में कसता जा रहा है। जिसको लेकर महंत बनवारी ब्रह्मचारी चेला घनश्याम पति दिवाकर ने बताया कि संत गुरु रविदास मंदिर का जो है ऐतिहासिक मंदिर है और पुराना ऐतिहासिक मंदिर है। भूमाफिया इलाहाबाद प्रयागराज के लगे हुए हैं। जिससे पूर्व लोकल कुछ भूमाफिया जब से भगवान राम का मंदिर बन रहा है। तबसे पूरे देश परदेश का निगाहें को माफियाओं की लग चुकी है। उन्होंने बताया कि भूमाफिया के खिलाफ इस पूरे मामले को लेकर कोतवाली अयोध्या में तहरीर दी गई। लेकिन पुलिस की लापरवाही है अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया और ना ही मंदिर के महंत को सुरक्षा व्यवस्था दी गई। उन्हें बताया कि इस पूरे मामले को लेकर अयोध्या पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। फिलहाल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भू माफियाओं का दबदबा में पूरी तरह से बरकरार है ।योगी आदित्यनाथ की सरकार में भूमाफिया गरीब गरीब साधुओं की जमीन को कब्जा कर रहे हैं। एक ऐसा ही मामला जनपद अयोध्या कैंट क्षेत्र के जयपुरिया स्कूल के सामने का मामला है जहां पर 40 अवैध प्लाटिंग को विकास प्राधिकरण के द्वारा गिरा दिया गया था। जिसको लेकर प्लांट खरीदने वाले लोगो मे नाराजगी जाहिर की है। वहीं पूरे मामले में जब पीड़ित ने छावनी के महंत परमहंसा आचार्य से मुलाकात की तो मीडिया से बात करते हुए परमहंस जी बोले कि माफियाओं का लगातार जो है देख रहा हूं की आतंक बढ़ता जा रहा है। कुख्यात भू माफिया दलित समाज के मंदिर के संपत को कब्जा करना चाहते हैं। खासतौर पर धर्म नगरी अयोध्या में भूमाफिया लगातार यहां के साधु–संतों की जमीन कब्जा कर रहे हैं और संत रविदास मंदिर अयोध्या में है वहां के पूज्य श्री महाराज जी हमारे पास आके रो रहे थे। परमहंस आचार्य ने कहा हम को न्याय नहीं मिलेगा तो हम आत्मदाह कर लेंगे। परमहंसदास ने कहा की इस पूरे मामले को लेकर सी एम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इसकी जानकारी देंगे। दलित समाज के मंदिर की संपत्ति पर कुख्यात भू माफियाओं द्वारा कब्जा को लेकर रविदास मंदिर में साध ु संतों ने मीटिंग किया है। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर आवश्यक कार्यवाही की मांग भी करेंगे।

सपा सदस्यता अभियान में उत्तर प्रदेश के 5000 सिंधी समाज को पूर्व राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) अमृत राजपाल के नेतृत्व में जोड़ने का हुआ शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मा.अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व राज्यमंत्री(दर्जा प्राप्त)/पूर्व.उपाध्यक्ष उ.प्र.सिंधी अकादमी अमृत राजपाल सदस्यता अभियान में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में सिंधी समाज को जोड़ने की जिम्मेदारी दी है। सिंधी समाज को समाजवादी पार्टी के सदस्यता अभियान से जोड़ने का शुभारंभ कॉलेज रोड आवासीय कार्यालय पर अमृत राजपाल के नेतृत्व में किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री/ विध ायक एवं जिले के सदस्यता अभियान के प्रमुख श्री अवधेश प्रसाद जी ने अनेकों सिंधी समाज के सम्मानित जनों को पार्टी की नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए ज्ठ सदस्यता दिलाकर सदस्यता अभियान को गति प्रदान की और जिन नए सदस्यों ने पार्टी की सदस्यता ली है उनको अमृत राजपाल द्वारा लिखित पुस्तक ''राजनीति के मर्यादा पुरुष अखिलेश''भी भेट की गई। कार्यक्रम को मुख्य रूप मुख्य अतिथि श्री अवधेश प्रसाद व श्री छेदी सिंह व पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त व कार्यक्रम सयोजक अमृत राजपाल ने संबोधि ात किया और मुख्य अतिथि अवध ेश प्रसाद जी का सिंधी समाज द्वारा शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व छेदी सिंह जी को भी शाल पहनाकर स्वागत किया गया व अंत में सिंधी समाज के मुखिया श्री भीमन दास माखेजा जी ने आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया व कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,सपा के भानु प्रताप सिंह सिंधु सेवा समिति(रजि.) के उपाध्यक्ष राकेश तलरेजा,अनूप कुमार आदि जन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मुख्य अतिथि श्री अवधेश प्रसाद जी ने उक्त अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि सिंधी समाज का देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है व कहा कि भाजपा सरकार में व्यापार व व्यापारी अनेक परेशानियों से गुजर रहे है और उन्होंने सिंधी समाज को बड़ी संख्या में जोड़ने हेतु अमृत राजपाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वो उत्तर प्रदेश में विभिन्न चुनावो में अनेकों जिलों में मेहनत से पार्टी के प्रति लोगों को जोड़ने व पार्टी को मजबूत करने का कार्य लगातार करते रहे है उसी क्रम में सिंधी समाज को उत्तर प्रदेश में जोड़ने हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है । पूर्व राज्यमंत्री(दर्जा प्राप्त)अमृत राजपाल ने संबोधित करते हुए कहा कि जिन सिंधी समाज के साथियों ने श्री अखिलेश यादव व सपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए सदस्यता ली है उन सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ''सिंधी समाज चला सपा की ओर कार्यक्रम ''के तहत संपूर्ण उत्तर प्रदेश में रु5000 सिंधी समाज के जनों को अभियान चलाकर जोड़ा जाएगा और समाजवादी पार्टी को लगातार मजबूत करने का कार्य किया जाएगा और आने वाले नगर निगम व लोकसभा के चुनाव में सिंधी समाज सपा को मजबूत करने का कार्य करेगा और अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करेगा। उक्त अवसर सपा की सदस्यता लेने वालो में पहली सदस्यता सिंधी समाज के पुरोहित स्वामी श्री सुरेश महाराज व समाजसेवी श्री भजन लाल कालानी ,अर्जुन दास खत्री,नवीन कुमार साधवानी,संचित आहूजा,राकेश तलरेजा,कैलाश कुमार लखमानी, आनंद केवलरामानी, दिनेश रोचलानी, शकर लाल केवलरामानी,सूरज सावलानी, विनोद कुमार,ज्ञानचंद केशवानी, सुनील माखेजा,महेश कुमार बत्रा, मोहन माखेजा,प्रीतम आहूजा, संतोष बत्रा ,रमेश कुमार वाधवा, नितिन तोलानी,गिरीश राजपाल, योगेश कुमार,शुभम उतरानी,श्याम लाल सहित अनेकों सिंधी समाज के जनों ने सदस्यता ग्रहण की।

यूपी का मोस्ट वांटेड बाहुबली नेता राजन तिवारी गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : यूपी के टॉप 45 माफिया की सूची में शामिल गोरखपुर का बाहुबली व कभी माफिया डॉन श्री प्रकाश शुक्ल का साथी रहे पूर्व विध ायक राजन तिवारी को बिहार के रक्सौल से गिरफ्तार कर लिया गया है। गोरखपुर की कैन्ट पुलिस व एसओजी की टीम मंगलवार की रात से बिहार में डेरा डाले थी। टीम में शामिल कैन्ट थाने के विश्वविद्यालय चोकी इंचार्ज अमित चौधरी व एसओजी प्रभारी मनीष यादव ने बिहार पुलिस के मदद से राजन तिवारी को गुरुवार की सुबह अरेस्ट किया। टीम उसे लेकर गोरखपुर के लिए रवाना हो गयी है। देर शाम तक राजन को गोरखपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। वह नेपाल भागने की फिराक में थे। गैंगेस्टर के मुकदमे में था वांछित राजन तिवारी मोतिहारी के गोविंदगंज से विधायक रह चुके हैं। उनके खिलाफ बिहार और यूपी में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अकेले गोरखपुर में उसपर 36 से ज्यादा मुकदमे है। वह कैन्ट थाने में दर्ज गैंगेस्टर के मुकदमे में वांछित था और करीब 60 एनबीडब्ल्यू कोर्ट से जारी था। उसपर गोरखपुर पुलिस की तरफ से 20 हजार का इनाम भी था। पुलिस की तीन टीमें सीओ कैन्ट श्यामदेव बिंद की अगुवाई में लगातार 1 महीने से दबिश दे रही थी। मोतिहारी पुलिस को सूचना मिली कि राजन तिवारी नेपाल भागने की फिराक में हैं और वे मोतिहारी में छिपे हुए हैं। इसकी सूचना यूपी पुलिस को दी गई। इसके बाद दोनों राज्यों की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में उन्हें रक्सौल के हरैया ओपी थाना क्षेत्र से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। मोतिहारी के एसपी कुमार आशीष ने राजन तिवारी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। वही कैन्ट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय व एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक मनीष यादव ने राजन की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। राजन का नाम यूपी के टॉप 61 माफिया की लिस्ट में शुमार है। उनपर गोरखपुर कैंट थाने में दर्ज 1996 के हत्या के दो मामलों में आरोपी बनाया गया था। इस केस में गैंगस्टर श्रीप्रकाश शुक्ला भी सहआरोपी थे। राजन तिवारी पर यूपी और बिहार में 40 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले राजन तिवारी ने लखनऊ में बीजेपी की सदस्यता ली थी, जिसपर काफी विवाद हुआ था। इसके बाद वो पार्टी से साइडलाइन कर दिए गए। बाहुबली पूर्व विधायक राजन तिवारी 17 साल से कोर्ट से जारी एनबीडब्ल्यू के बाद भी गायब था। योगी सरकार का दूसरा कार्यकाल शुरू होने के साथ ही सभी जिलों से पुलिस ने नए सिरे से माफिया की सूची बनानी शुरू की थी और 100 दिन में उनके खिलाफ कार्रवाई का लक्ष्य निर्धारित किया था। पूरे प्रदेश में 61 माफियाओं की सूची तैयार हुई थी। जिसमें गोरखपुर जिले से बिहार के पूर्व विधायक राजन तिवारी का नाम भी शामिल किया गया है। एडीजी अखिल कुमार ने राजन तिवारी का नाम शासन को भेजा था। इसके साथ ही पूर्व विधायक राजन तिवारी के केस और सम्पत्ति की पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी थी। अभी तक की जांच में राजन के नाम की सम्पत्ति की जानकारी पुलिस नहीं जुटा पाई है। उधर, मुकदमो की जांच शुरू हुई तो इसमें कुछ खेल सामने आया। कैंट थाने में दर्ज मुकदमों से जो रिपोर्ट आई उसमें बताया गया कि राजन को सभी मामले में बरी कर दिया गया है। हालांकि जब कोर्ट में जांच शुरू हुई तो मामला कुछ और ही निकला और इसी दौरान गैंगस्टर के एक केस की जानकारी हुई जिसमें श्रीप्रकाश को गैंग लीडर तो वहीं राजन तिवारी व अन्य को सक्रिय सदस्य बताया गया था। गैंगस्टर की इस फाइल की जांच में पता चला कि 2005 से राजन तिवारी के खिलाफ कई बार एनबीडब्ल्यू जारी हो चुका है और पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की है। यह प्रकरण जैसे ही सामने आया उसके बाद पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया। एडीजी अखिल कुमार ने एनबीडब्ल्यू का हवाला देते हुए एसएसपी डा गौरव ग्रोवर को राजन को गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश कराने का निर्देश दिया था।जिसके बाद एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई की निगरानी और सीओ कैंट श्याम विंद के नेतृत्व में गोरखपुर एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने टीम गठित की और राजन की गिरफ्तारी का लक्ष्य दिया। टीम में एसएचओ कैंट, एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। जिसे बिहार के रक्सौल से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

समाज में उत्कृष्ट कार्यों के लिए गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति की महिला प्रभारियों को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई जी की पुण्यतिथि की अवसर पर पं अटल बिहारी बाजपेई मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 14 अगस्त अटल दौड़ की प्रतियोगिता में भाग लेने वाली एवं समाज में उत्कृष्ट कार्यों के लिए गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की महिला प्रभारियों सम्मानित किया गया जो कि इस प्रकार है। नंदनी मिश्रा,मोनिका कुमारी, लक्ष्मी धामी, शोभा वर्मा,सुगंधी देवी,डॉ प्रीति श्रीवास्तव,अनामिका चतुर्वेदी, शालिनी चौबे, पूर्णिमा पुष्पक, नम्रता सिंह बच्चों में गुंजा सिंह मनोज कुमार मिश्रा को उत्तर प्रदेश उप् मुख्यमंत्री आदरणीय बृजेश पाठक ने सभी

को सम्मानित किया गया।

हर घर तिरंगा अभियान के लिए गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति को अमृत कार्निवल में किया गया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जिला प्रशासन एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव के अमृत कार्निवाल में गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति को हर घर तिरंगा अभियान के उत्कृष्ट कार्य के लिए महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ल,कर्नल् ए एन पाण्डेय,अलोक मिश्रा,के के मौर्य,सी जी नायर ,नन्दिनी मिश्रा,अजय तिवारी,मनोज मिश्रा,वीके जौहरी, अशोक गुप्ता, मोनिक कुमारी,शालिनी चौबे ,अनामिका चतुर्वेदी,डॉ प्रीति श्रीवास्तव,पूर्णिमा पुष्पक, तेज मिश्रा को इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उत्तर प्रदेश

सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा सम्मानित किया गया।

केंद्रीय विद्यालय के छात्र को नंगा कर बेरहमी से पीटा : सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

गोंडा ब्यूरो : केंद्रीय विद्यालय मनकापुर के एक छात्र को चार युवकों ने मिलकर तालिबानी सजा दी। छात्र की पिटाई करते वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में छात्र को चार युवक बेरहमी से बेल्ट से पीट रहे हैं। छात्र उनसे छोड़ देने की गुहार लगा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद छात्र के पिता ने कोतवाली मनकापुर में बुधवार शाम चार युवकों के खिलाफ मारपीट, धमकी व अपहानि की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी युवकों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। बलरामपुर के रहने वाले व मौजूदा समय में कुड़ासन बाजार मनकापुर निवासी जीवनलाल पांडेय मनकापुर की एक चीनी मिल में नौकरी करते हैं। उनका बेटा निशांत पांडेय केंद्रीय विद्यालय मनकापुर में 12वीं का छात्र है। आरोप है कि मामूली कहासुनी के बाद एक अगस्त को क्षेत्र के चार युवकों ने निशांत को झाड़ी में ले जाकर बेल्ट से बेरहमी से पीटा। इसका वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वीडियो में छात्र बिना शर्ट के दिख रहा है और युवकों से पिटाई न करने की दुहाई लगा रहा है। मगर बेरहम युवक उसे लगातार बेल्ट से पीटते दिखाई पड़ रहे हैं। यही नहीं युवकों ने छात्र की जबरन पैंट तक उतरवा दी और फिर पिटाई की। वीडियो वायरल होने के बाद छात्र निशांत के पिता जीवनलाल पांडेय ने कोतवाली मनकापुर में अखंड, उत्कर्ष, आदेश व अंकित के खिलाफ मारपीट, धमकी व अपहानि की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मनकापुर कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

ग्राम प्रधान संतोष यादव धोबौली ब्लाक बेलघाट, गोरखपुर की तरफ से सभी क्षेत्र वासियों को 75 वी वर्षगांठ एवं 76 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ग्राम प्रधान हर्दत्तपुर ,गोरखपुर रुकसाना खातून एवं प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद आलम की तरफ से सभी क्षेत्र वासियों को 75 वी वर्षगांठ एवं 76 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एक्सप्रेस वे पर पलटा कैदी वाहन : पेशी के लिए लाया जा रहा था कैदी

आजमगढ़ ब्यूरो : पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पेशी के लिए कैदी का लेकर आ रहा वाहन पलट गया। जिसमें वाहन चालक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि पवई थाना अंतर्गत मिल्कीपुर गांव के पास पेशी के लिए कैदी का लेकर आ रहा वाहन बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में कैदी वाहन चालक घायल हो गया। जबकि वाहन में सवार कैदी व दो सिपाही बाल–बाल बच गए। कैदी को पवई थाना पुलिस ने अपनी कस्टडी में ले लिया है। सुल्तानपुर जिला कारागार में बंद एक कैदी को लेकर जेल का वाहन आजमगढ़ न्यायालय पेशी पर आ रहा था। कैदी वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर पवई थाना अंतर्गत मिल्कीपुर गांव के पास पहुंच ही था कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में कैदी वाहन का चालक नीरज कुमार (42) निवासी जिला रायबरेली घायल हो गए। उनके बाएं कान के पास चोट आयी है। वहीं वाहन में सवार कैदी व दो सिपाही बाल–बाल बच गए। सूचना मिलते ही पवई थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और सुल्तानपुर

जेल से आजमगढ़ न्यायालय पेशी पर जा रहे कैदी को अपनी कस्टडी में ले लिया।

आजादी के 75 वी वर्षगांठ एवं 76 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

–जियाउद्दीन उर्फ गुड्डू
ग्राम प्रधान
बभनपुरा कुई बाजार
बेलघाट, गोरखपुर

असहाय वृद्ध महिला की सहायता करनें के लिए आगे आए समाजसेवी राजेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ,मानवता की सेवा रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म जो सभी धर्मो में श्रेष्ठ है। वैसे तो समाजसेवी लोग बहुत हैं लेकिन कुछ समाजसेवी ऐसे हैं जो असहाय , लाचार, अर्धविक्षिप्त, दुर्घटनाग्रस्त और भूखे लोगों की सेवा रक्षा कल्याण के लिए हर समय तत्पर रहते हैं आज हम बात कर रहे हैं। जनपद के चर्चित और सक्रिय समाजसेवी राजेश कुमार की जो पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर भी हैं । आज सुबह जायसवाल समाज के नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल ने फोन कर के बताया कि एक असहाय, वृद्ध और विधवा कलावती नामक महिला शहर के मरदानपुर मोहल्ला में करीब 2 सप्ताह से विनोद पाठक नामक व्यक्ति के घर किसी तरह से रह रही है। विनोद पाठक की धर्मपत्नी सरोज पाठक उस महिला की देखभाल कर रही हैं लेकिन आगे आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी ना होने के कारण पति पत्नी उसको रखने में अक्षम है , कृष्ण कुमार जयसवाल जी ने कहा कि अगर किसी तरह से इस असहाय महिला की कहीं रहने की व्यवस्था हो जाए तो इसका जीवन सुचारू रूप से चलने लगे जैसे ही समाज सेवी राजेश कुमार को यह बात पता चली समाजसेवी राजेश तत्काल उसके

रहने की व्यवस्था में लग गए फिर समाजसेवी राजेश ने विनोद पाठक के सहयोग से खोवा मंडी के सामने आशीर्वाद इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर उस वृद्ध महिला को बुला करके बातचीत किया इस बाबत महिला ने बताया कि उसके पति की 8 साल पहले मृत्यु हो गई है। और बेटे की भी मृत्यु हो गई है। कोई सहारा नहीं है। उसके बाद फिर वहां से समाजसेवी राजेश ने अपनी गाड़ी पर बैठा कर के प्रेम राजपुर स्थित एक वृद्धआश्रम में रखने हेतु वृद्धआश्रम में ले गए वहां पहुंचकर के वृद्ध महिला की आंखों से खुशी के आंसू छल – छला गए और उस महिला ने हाथ जोड़ करके समाजसेवी राजेश के कल्याण हेतु कामना की और विनोद पाठक, सरोज पाठक और अनूप जायसवाल और कृष्ण कुमार जयसवाल को धन्यवाद दिया।

देश को नशामुक्त करने की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर ने दिलाई शपथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने ''नशामुक्त भारत अभियान'' कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय में उपस्थित सभी खंड शिक्षा अधिकारी,कर्मचारियों,अध्यापको व उपस्थित अभिभावकों को

भारत को नशामुक्त करने के लिए प्रतिज्ञा कराई। डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होती है तथा युवाओ की शक्ति का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। अतः यह अतिआवश्यक है कि नशामुक्ति भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े । देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करे कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र,बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएंगे क्योकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिलेध्राज्य को नशामुक्त कराने का दृढ़ निश्चय करे। इस अवसर पर रजनीश श्रीवास्तव, विजय शर्मा,उमाकांत , अवध नारायण , दुर्गेश पटेल, व अधिक संख्या में लोग उपस्थित हुए।

स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से बची दूषित भोजन करने वालों की जान

जौनपुर सू.वि. : दूषित मांस खाने से एक ही परिवार के बीमार सभी चारों लोग फिलहाल स्वस्थ हैं और अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिए गए हैं। प्रभावित परिवार ने तत्काल मदद के लिए स्वास्थ्य विभाग को ध न्यवाद दिया है। मामला करंजाकला ब्लाक के जंगीपुर कला गांव का है। 12 अगस्त की सुबह आठ से 10 बजे के बीच एक ही परिवार के चार लोगों को उल्टी, पेट में ऐंठन और दस्त के साथ दर्द की दिक्कत थी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि वहां के प्रधान बृजनाथ यादव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) करंजाकला के प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) डा0 विवेक कुमार को इसकी सूचना दी। एमओआईसी ने इसके संबंध में जिला महामारी रोग विशेषज्ञ डा. जियाउल हक से बात कर गांव में ब्लॉक रैपिड रिस्पांस टीम (बीआरटी) भेज दी। इसमें डॉ खालिद, फार्मासिस्ट अरविंद यादव, पर्यवेक्षक रमेश चंद्र, वार्ड बॉय शिवम और एएनएम शकुंतला पाठक थे। टीम ने गांव में चिकित्सा शिविर लगाया। इसके साथ ही एसीएमओ डा राजीव कुमार के साथ महामारी विशेषज्ञ डा जिया उल हक भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्रभावित परिवार के सभी लोगों से खान–पान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रभावित बच्चों की दादी किताबुन तथा पिता विलास मोहम्मद से बीती रात के खाने के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने मुर्गे की आंतें और उनके पंखों को खरीदा था। उन्होंने आंतों तथा पंख से जुड़े मांस को निकाल कर पकाकर खाया था। रात का खाना परिवार के सभी लोगों ने एक जैसा ही खाया था। खाने से पहले लोगों को कोई अन्य दिक्कत नहीं थी। आसपास के रहने वाले भी सभी ठीक हैं। उन्हें ऐसी कोई दिक्कत नहीं है। मात्र चार लोगों को ही उल्टी, पेट में ऐंठन और दस्त के साथ दर्द की दिक्कत थी। बेहतर इलाज के लिए इनमें आरती (11 वर्ष), अरबाज (8 वर्ष), नेन्हू (6 वर्ष) को जिला अस्पताल रेफर कर वहां भर्ती कराया गया। काजल (09 वर्ष) की हालत पहले से ही स्थिर थी। इसलिए उसे घर पर कुछ दवा उपलब्ध देकर उपचार किया गया। महामारी रोग विशेषज्ञ डा जियाउलहक ने बताया कि टीम ने गांव में इसके अलावा कई अन्य मरीजों को भी जरूरत के अनुसार जरूरी दवाएं दीं। कुछ लोगों को ओआरएस घोल का पैकेट तथा क्लोरीन की टैबलेट दी तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया। उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी देकर उसके फायदे बताए। स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता को मेडिकल किट के साथ लोगों की हर दिन देखभाल करने का निर्देश दिया। संबंधित रोगियों की लाइनलिस्ट बनाने के लिए आशा कार्यकर्ता को सर्वे करने का निर्देश दिया। स्वस्थ होने के बाद 14 अगस्त को दोपहर 3रू00 बजे जिला अस्पताल में भर्ती सभी मरीज को छुट्टी दे दी गई। अब सभी मरीज ठीक हैं। वे गांव में अपने घर पर दवा ले रहे हैं। जंगीपुर कला गांव के विलास मोहम्मद ने बताया कि सभी बच्चे उनके परिवार के ही हैं। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सभी ठीक हो चुके हैं और स्वस्थ हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को धन्यवाद दिया है।

मानव संसाधन प्रबंध में है अवसरों की भरमार – प्रोफेसर पुरोहित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एच आर डी विभाग व प्रबंध अध्ययन संकाय के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। माननीय कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य की प्रेरणा से ये व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रोफेसर एच सी पुरोहित का स्वागत संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अविनाश पाठर्डिकर ने किया उनके साथ पूर्व संकायाध्यक्ष प्रोफेसर मानस पांडेय व समन्वयक बी कॉम डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने किया। इसके पश्चात एक दिवसीय व्याख्यान में डॉ रसिकेश में प्रोफेसर पुरोहित का परिचय कराया। डॉ रसिकेश ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा की अनुशासन ही व्यक्तित्व विकास की पहली सीढ़ी है।इसके पश्चात प्रोफेसर पुरोहित विशेष आमंत्रित आचार्य , दून विश्विद्यालय , देहरादून ने बताया कि मानव संसाधन विकास के प्रशिक्षुओं/शोधार्थियों के लिए

अवसरों की भरमार है। वर्तमान कुलपति के दो वर्ष के कार्यकाल को प्रोफेसर पुरोहित ने वरदान बताया और उनके हर क्षेत्र में अतुलनीय योगदान की भूरि भूरि प्रशंसा की। संचालन श्री अनुपम कुमार व श्रो अभिनव श्रीवास्तव ने किया । कार्यक्रम में एच आर डी विभाग के साथ प्रबंध अध्ययन संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ रसिकेश ने प्रोफेसर पुरोहित को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

राधा कृष्ण की जोड़ी में अर्तिका और दिव्यांशी आई प्रथम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परिषदीय विद्यालयों में चल रहे अमृतम होत्सव कार्यक्रम के अंतिम दिन कंपोजिट विद्यालय तारा(उमरी) मुफ्तीगंज, जौनपुर में आगामी कृष्णजन्माष्टमी के प्रयोजनार्थ राधा कृष्ण साज–सज्जा प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में

कुल नौ जोड़ियों के साथ बच्चों ने प्रतिभाग किया। इससे पूर्व प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने सरस्वती माता की तस्वीर पर पुष्पांजलि एंव धूप अगरबत्ती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर से लेकर जूनियर तक के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर पूरी उत्सुकता से प्रतिभाग किया, निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों के साज– सज्जा व नृत्य प्रस्तुति के आध ार पर उन्हें अंक दिया गया जिसमें कक्षा चार की अर्तिका व कक्षा पांच की दिव्यांशी प्रथम, जबकि कक्षा छः की अंशिका और पल्लवी की जोड़ी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि तृतीय स्थान पर कक्षा तीन की आंशिका व कृतिका की जोड़ी रही। कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर बच्चों के अभिभावकों व क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही और उन लोगों ने विद्यालय परिवार द्वारा इस सांस्कृतिक आयोजन की जमकर तारीफ की। इस अवसर विद्यालय पर के वरिष्ठ शिक्षक दशरथ राम, सचिन्द्रनाथ यादव, प्रियंका सिंह, मधु रानी, सर्वेश अवनीश सिंह, अनिल पांडेय, रीता देवी, सुनीता, शीला आदि उपस्थित रहीं।

महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की पुण्यतिथि पर जन समाज सेवा संस्था द्वारा ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला लखनऊ में आर्ट प्रतियोगिता आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की पुण्यतिथि पर जन समाज सेवा संस्था द्वारा ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला लखनऊ में आर्ट प्रतियोगिता कराई गई इस प्रतियोगिता में 112 बच्चों ने भाग लिया संस्था के अध्यक्ष सरदार रनजीत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हर बच्चा अपनी आर्ट द्वारा देश की आन बान शान पर अपनी जान निछावर करने वाले वीरो एवं आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु, उधम सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस व राष्ट्रीय ध्वज का चित्र बनाकर संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का मन मोह लिया, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नाका हिंडोला लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का बहुत महत्व पूर्ण सहयोग रहा, संस्था के महामंत्री एवं खालसा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सरदार वीरेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बताया कि नेताजी का मानना था कि अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना सबसे बड़ा अपराध है नेताजी ने ही यह नारा लगाया था की तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा ऐसे क्रांतिकारी नेताजी को हम और हमारी आने वाली अनेकों पीढ़ियां इसी तरह याद करती रहेंगी हम सब अलग–अलग धर्म जाति से हो सकते हैं लेकिन हम सब एक भारतवासी हैं संस्था के कर्मठ सदस्य श्री सुनील कुमार अग्रवाल जी ने सभी बच्चों को महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की पुण्यतिथि पर कोटि कोटि नमन करते हुए

स्वतंत्र भारत की आजादी में नेताजी के योगदान को विस्तार रूप से बच्चों को समझाया सरदार अनेक सिंह एवं कुलदीप सिंह जी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी बच्चों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा की, इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे सभी बच्चों को संस्था द्वारा पुरस्कार दिया गया इस कार्यक्रम में कमलजीत सिंह,अमन, अनेक सिंह, कुलदीप सिंह, निरंजन जौहरी, शिखा सिंह, रेखा , जसवीर कौर, सूरज, रंजीत सिंह, जसवंत सिंह, बलवंत सिंह मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

आजादी का अमृत महोत्सव नई पीढ़ी को अतीत के गौरव से परिचित कराने का कार्यक्रम : डॉ. हरीश कुमार सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर, जौनपुर में प्रबंधाक हृदय प्रसाद सिंह 'रानू' के संरक्षकत्व में एवं प्राचार्य प्रोफेसर बी. के. निर्मल की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा के अंतर्गत आजादी के गुमनाम नायक विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबीनार में मुख्यवक्ता डॉ हरीश कुमार सिंह,एसोसिएट प्रोफेसर,राम स्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय पुखराया,कानपुर ने अपने संबोधान में कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव नई पीढ़ी को अतीत के गौरव से परिचित कराने का कार्यक्रम है।जो समाज अपने अतीत को भूल जाता है वह बहुत जल्द नष्ट हो जाता है।आजादी के पहले पैदा हुए अधिकतर लोग आज इस दुनिया में नहीं हैं जिन्होंने अजादी का संघर्ष देखा था।।नई पीढ़ी जिसने आजादी का संघर्ष नहीं देखा था उनके लिए हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने इस कार्यक्रम को चलाकर जो लोगों को परिचित कराया है उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।डॉ हरीश कुमार सिंह ने भारतीय इतिहास में आजादी के गुमनाम नायकों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि आजादी के आंदोलन में राष्ट्र के बड़े नायकों के साथ देश के विभिन्न गुमनाम नायकों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया



है।सूर्यसेन, मदनलाल धींगरा, रघुवीर सिंह ओसवाल जैसे विभिन्न क्रांतिकारियों ने आजादी के आंदोलन में बढ़– चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन डॉ.राकेश कुमार यादव,संयोजक आजादी का अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान ने किया।संचालन डॉ. अविनाश वर्मा,बेबीनार संयोजक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह ने दिया। इस अवसर डॉ लक्ष्मण सिंह,वेबिनार की सहसंयोजक डॉ वंदना तिवारी,डॉ नीलमणि सिंह,डॉ. अवधेश कुमार मिश्र,डॉ अखिलेश कुमार तिवारी,डॉ.उदय प्रताप सिंह, डॉ. शशिकान्त यादव, डॉ. आलोक प्रताप सिंह, डॉ. पंकज सिंह,जितेंद्र सिंह, डॉ. नीलम सिंह, डॉ. नीलू सिंह, जितेंद्र कुमार ,विष्णुकांत त्रिपाठी, डॉ लालमणि प्रजापति,नीलम, विकास गौरव, सोनू यादव, विवेक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

हेता एलिमेंट्री स्कूल में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हेता एलिमेंट्री स्कूल न्यू मानक नगर आरडीएसओ पारा के बच्चों ने

राधा–कृष्ण, यशोदा, आदि के चरित्र को अभिनय के द्वारा मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुत कार्यक्रमों में जानवी, अथर्व, रुद्र , अनन्या, हिमांशु और भव्या ने भाग लिया और कृष्ण जन्मोत्सव प्रेम पूर्वक मनाया। प्रबंधक एस के यादव ने अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

क्षय रोग नहीं लाइलाज : साल 2025 तक जड़ से करेंगे खत्म – जिलाधिकारी जौनपुर

जौनपुर सू.वि. : मुरादपुर की जलसा (35) क्षय उपचाराधीन हैं। उनके गर्दन पर गांठ निकल आई है और सांस फूलती है। फेफड़े में घाव है। सरोखनपुर के उमेश को भी खांसी आती है। वह भी क्षय उपचाराधीन हैं। ऐसे ही बदलापुर टीबी यूनिट अंतर्गत उपचाराधीन तथा ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति संस्था की ओर से गोद लिए गए उपचाराधीनों को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने पोषण सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम गुरुवार को सिंगरामऊ के गौरीशंकर मंदिर स्थित ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के कार्यालय में आयोजित हुआ। समिति का चार अगस्त को निक्षय पोर्टल पर कम्युनिटी सपोर्ट टू टीबी पेशेंट के माध्यम से निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण हुआ है। संस्था ने 16 अगस्त को बदलापुर ब्लाक के 105 क्षय रोगियों को गोद लिया है जिसमें से बाल वर्ग के 11, वयस्क पुरुष 59 तथा 35 वयस्क महिलाएं हैं। उन्हें जिलाधिकारी की उपस्थिति में पोषण सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा था। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि क्षय रोग लाइलाज बीमारी नहीं है। बीते वर्ष जनपद की विभिन्न संस्थाओं ने पांच हजार के करीब क्षयरोगियों को गोद लिया था। उन्हें नियमित दवाएं तथा पोषण सामाग्री में मदद की। इनमें से ज्यादातर स्वस्थ होकर सामान्य जिंदगी जी रहे हैं। उन्होने कहा कि जैसे पोलियो को देश में जड़ से खत्म कर दिया गया है, वैसे ही वर्ष 2025 तक क्षय रोग का भी जड़ से उन्मूलन करने में सफल होंगे। इस मौके पर सीएमओ डा. लक्ष्मी सिंह ने श्हम होंगे कामयाबश् गीत गाकर क्षय उपचाराधीनों का उत्साह बढ़ाया। इसके साथ ही उपचार के दौरान किसी भी स्थिति में एक दिन भी दवा नहीं छोड़ने का आग्रह किया। उन्होने कहा कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। समिति की अध्यक्ष अंजू सिंह ने बताया कि समिति 20 वर्षों से क्षयरोगियों की सेवा में लगी है। तीन वर्ष से गोद लेकर उन्हें पोषण सहयोग दिया जा रहा है। इस समय 105 क्षयरोगियों को संस्था ने गोद लिया है। उन्होंने बताया कि संस्था ने न सिर्फ उन्हें स्वस्थ होने में मदद की है बल्कि उन्हें भावनात्मक सहयोग प्रदान करने और रोजगार दिलाने में भी सहयोग किया है। जिला कार्यक्रम समन्वयक सलिल कुमार यादव ने इस संबंध में जिला स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षय रोगियों की स्वास्थ्य सेवाओं का गांव स्तर तक विस्तार कर दिया गया है। जिले के 186 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से टीबी मरीजों को सेवाएं दी जा रही हैं। केन्द्र सरकार के निक्षय पोर्टल पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के माध्यम से प्रत्येक क्षय रोगी का नोटीफिकेशन एवं उपचार हो रहा है। इसके लिए चार से आठ अगस्त तक जनपद के सभी सीएचओ को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रदेश के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) पर 2,357 क्षयरोगियों को स्वयंसेवी, शैक्षणिक संस्थाओं, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बेहतर देखभाल के लिए गोद दिलाया गया। इसमें से 1,445 उपचार होने के बाद पूरी तरह से स्वस्थ हैं। शेष का भी उपचार शीघ्र समाप्त होने वाला है। बेहतर देखरेख और समय–समय पर फालोअप लेने से क्षय रोगियों की मृत्यु दर में गिरावट आ रही है। इसी क्रम में शासन ने जनपद की स्वयंसेवी, शैक्षणिक तथा औद्योगिक संस्थाओं को पोषण व व्यावसायिक सहयोग देने के लिए निक्षयमित्र के रूप में मरीजों की एक वर्ष तक की देखभाल के लिए सहमति सहित पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया है।

नशीली दवाओं की तस्करी का हब बना गोरखपुर : पश्चिम बंगाल व नेपाल तक भेजी जा रहीं नशीली दवाएं

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नशीली दवाओं की तस्करी का हब बन गया है। ब्लीचिंग पाउडर के नाम पर नशीली दवाएं मंगाई जा रही हैं। यह दवाएं गोरखपुर से पश्चिम बंगाल, बिहार, पूर्वोत्तर राज्यों व नेपाल भेजी जा रही हैं। 10 दिन पूर्व गीडा में दो करोड़ रुपये की खांसी की दवा फेंसीडिल कफ सिरप पकड़े जाने के बाद यह मामला सामने आया। 10 दिन तक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मुकदमा दर्ज कराकर चुप्पी सधे रखी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की प्रमुख सचिव अनीता सिंह ने दैनिक जागरण में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लिया तो कार्रवाई शुरू हुई। स्वतंत्रता दिवस पर सोमवार को ड्रग विभाग व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने भालोटिया मार्केट के आशीष मेडिकल एजेंसी और आशीष

ट्रेडर्स की दुकानों व गोदाम को सील कर दिया। गोदाम आशीष मेडिकल एजेंसी का है। दवाएं पकड़े जाने के बाद दोनों दुकानों के संचालक आशीष गुप्ता और अमित गुप्ता का नाम सामने आया था। इसके बाद इनके ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। अभी दोनों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

रात में कमरे से आई गोली चलने की आवाज : शख्स को लहुलुहान देख उड़े घरवालों के होश

आजमगढ़ ब्यूरो : आजमगढ़ में एक शख्स ने खुद को गोली मार दी। शहर कोतवाली के गुरूटोला मुहल्ला निवासी अधेड़ ने बुधवार की रात खुद को गोली मार ली। जिससे मौके पर ही शख्स की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। गुरूटोला मुहल्ला निवासी मुन्ना सेठ (58) पुत्र स्व. जगदीश सेठ बुधवार की रात अपने कमरे में सोने चले गए। देर रात कमरे में गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो वह लहुलुहान पड़े हुए थे। जबतक उन्हें अस्पताल ले जाने की व्यवस्था होती तब तक मौके पर ही उनकी मौत हो चुकी थी। गोली चलने की आवाज व परिजनों के कोहराम को सुन कर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। घटना की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक दो पुत्र व एक पुत्री के पिता थे। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक ने अवैध पिस्तौल से खुद को गोली मर कर आत्महत्या की है। घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं मुहल्ले वाले पारिवारिक कलह को घटना का कारण बता रहे हैं। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

अयोध्या में पुलिस रिकॉर्ड में भगोड़ा अपराधी बेच रहा करोड़ों की जमीन : अयोध्या विकास प्राधिकरण की कार्यवाही में हुआ खुलासा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या में अवैध रूप से जमीनों के कारोबार करने वाले खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान पुलिस रिकार्ड में भगौड़ा अपराधी हरीश पाठक का नाम एक फिर सुर्खियों में बना हुआ है।दरसल अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा अवैध रूप से बेची गई जमीनों पर की गई कार्रवाई में जब स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से मुलाकात करने पहुंचे तो जांच में साकेत गोट फार्म के मालिक रहे हरीश पाठक का नाम सामने आया है। जब कि हरीश पाठक पिछले कई वर्षों से पुलिस रिकॉर्ड में भगौड़ा अपराधी के रूप मे दर्ज है। वही सूत्र के मुताबिक इसके बावजूद अयोध्या में जमीनों का अवैध कारोबार से कर रहा है। यही नही पूर्व में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को 2 करोड़ की जमीन को 18 करोड़ में बेचे जाने के प्रकरण में भी हरीश पाठक का नाम शामिल रहा है।अयोध्या में विकास प्राधिकरण के द्वारा जयपुरिया स्कूल के पास अवैध रूप से प्लाटिंग कर निर्माण कराये जाने वाले दिवारों को गिराए जाने कार्यवाही की गई।इन अवैध भूमि खड़े किए गए दीवारों पर प्राधिकरण के बुलडोजर चलाये जाने के दौरान 40 प्लॉटों को खाली कराया गया। तो भूमि के खरीददारों ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह से मुलाकात की तो पता चला कि इन जमीनों के खेल का खुलासा हुआ।जिसके बाद इस मामले की जानकारी पुलिस दी है।माना जा रहा है कि हरीश पाठक जल्द ही बड़ी कार्यवाही हो सकती है। इस संबंध मे अयोध्या विकास प्राधि

कारण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह जानकारी देते हुए बताया कि मैं जिस स्थान पर गया था साकेत गोट फार्मिंग कंपनी के द्वारा बनाई जा रही कॉलोनी है यह स्थान सहादतगंज है जो जयपुरिया स्कूल के सामने कॉलोनी बनी हुई थी और इसमें जिन लोगों ने छोटी–छोटी जमीनों को खरीदा है उन्होंने जानकारी दी कि जो कॉलोनाइजर है वह साकेत गोट फार्मिंग कंपनी चला रखी थी जो हरीश पाठक पुत्र हौसिला पाठक निवासी पाठकपुर ग्राम विक्रमजोत जनपद बस्ती और प्रताप नारायण पांडे पुत्र राम इच्छा पांडे निवासी सोयेपुर लालपुर थाना कैंट जनपद वाराणसी का रहने वाले है। इनके विरूद्ध केंट थाने में 2016 से और उसके पहले से भी मुकदमे दर्ज हैं अब तक कार्यवाही नहीं करी गई है इसलिए वह भगोड़े घोषित हुए हैं इस विषय में भी जिले के एसपी को इस मामले को लेकर संज्ञान में लाया जाएगा और जो उचित कार्रवाई होगी वह किया जाएगा वही कहा कि उनकी तहकीकात की जाएगी और जो संबंधित हमारी पुलिस के अधिकारी हैं इन सभी के साथ संबंधों में करते हुए इस तरह के जो 420 करने वाले लोग हैं उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व स्थापना दिनांक 19 अगस्त व विसर्जन दिनांक 25 अगस्त को–जिलाधाकारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव व स्थापना दिनांक 19 अगस्त व विसर्जन दिनांक 25 अगस्त तथा श्रीगणेश प्रतिमाओं की स्थापना दिनांक 31 अगस्त 2022 व विसर्जन का कार्यक्रम दिनांक 9 सितम्बर 2022 को मनाया जाना संभावित है। पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या द्वारा प्राप्त सूचनानुसार नगर क्षेत्र में थाना कोतवाली नगर में 37, थाना राम जन्मभूमि/कोतवाली अयोध्या में 08, थाना कैंट में 08, थाना बीकापुर में 03 समितियों द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव तथा थाना कोतवाली नगर में 46, थाना कैंट में 10, थाना पूरा कलन्दर में 02, थाना रूदौली में 01, थाना पटरंगा में 01, थाना गोशाईगंज में 02, थाना महराजगंज में 02, थाना कोतवाली बीकापुर में 01, थाना हैदरगंज में 01, थाना तारून में 02, थाना कोतवाली अयोध्या में 07 गणेश पूजा समितियां द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना का कार्यक्रम किया जायेगा। साथ ही इस अवसर पर जनपद के अन्य नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मूर्तियां स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकियां सजायी जाती है एवं कहीं कहीं भंडारा आदि का कार्यक्रम आयोजित होता है। नगर क्षेत्र में स्थापित श्रीकृष्ण प्रतिमाएं छठ पूजन के उपरांत सप्तमी को जुलूस के रूप में ले जाकर गुप्तारघाट व अयोध्या क्षेत्र की नयाघाट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नजदीकी नदियांध्सरोवरो में विसर्जन किया जायेगा। इसी प्रकार नगर क्षेत्र में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का पूजा पंडाल से उठाकर ट्रैक्टर–ट्राली आदि स्थानों से ले जाकर जमुनिया बाग थाना कोतवाली नगर में एकत्र होकर जुलूस के रूप में चौक, रिकाबगंज, नियावां व कैंटोमेंट से होते हुये गुप्तार घाट पर ले जाकर विसर्जन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सम्बंधित क्षेत्रों में मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी गयी है तथा सभी से जन्माष्टमी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्देश दिया है।

डीसीएम में घुसी बाइक : अधिवक्ता पुत्र सहित दो घायल : गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पटरंगा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक अधिवक्ता पुत्र सहित दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को पटरंगा थाना की हाइवे चौकी क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर गनौली पेट्रोल पम्प के पास पहले से खड़ी डिसीएम में अपाचे बाइक सवार घुस गए जिसमें आपाचे सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।लोगों ने दुर्घटना की सूचना पटरंगा पुलिस को दी सूचना मिलते ही हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव तत्काल अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और गभीर रूप से घायल दोनों युवकों को बिना एम्बुलेंस का इंतजार किए चौकी प्रभारी ने तत्काल सरकारी पुलिस की गाड़ी से सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया।जहां दोनो युवकों की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।इस सम्बंध में हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया की बुधवार को गनौली पेट्रोल पम्प के पास खड़ी डिसीएम संख्या पीबी 10 एच एस 2975 में पीछे से अपाचे बाइक संख्या यूपी 42 ए डब्लू 1696 बाइक सवार की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें अपाचे सवार हिमांशु यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव एडवोकेट 18 वर्ष व संदीप पुत्र राम प्रकाश निवासी ग्राम लखनीपुर थाना मवई गम्भीर रुप से घायल हो गए जिन्हें सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया गया लेकिन घायलों की हालत गम्भीर देखते हुए डाक्टरों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

युवती की हत्या का मुआवजा मांगना पड़ा भारी : पुलिस ने 150 लोगो पर दर्ज केस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना महराजगंज इलाके में दुष्कर्म में असफल रहने पर हुई युवती की हत्या के विरोध में मार्ग जाम करने वालो को महंगा पड़ा गया।युवती की मौत के बाद मुआवजे की मांग को लेकर अयोध्या आजमगढ़ मार्ग को आक्रोशित लोगों ने जाम किया गया था।मामले में महराजगंज पुलिस ने 150लोगो के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना एसआई मुन्नी लाल चौधरी को सौंपी गई है।वंही पुलिस केस दर्ज करने की कार्रवाई पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है।जानकारी के मुताबिक पूरा बाजार चौकी इंचार्ज राम अवतार राम की तहरीर पर समाजसेवी हरिओम तिवारी और उनके डेढ़ सौ अज्ञात साथियों के ऊपर मार्ग जाम करने सार्वजनिक साधनों से यात्रा कर रहे लोगों में भय व्याप्त करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज की गई है।मालूम हो कि बीते 4 अगस्त को महाराजगंज थाना इलाके में एक युवती केस साथ दुष्कर्म में असफल होने के बाद धारदार हथियार से गले पर वार किया गया था।जिसका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा था।वारदात के दो दिन बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर में युवती की मौत हो गई थी।युवती के मौत के बाद लोग आक्रोशित हो गए और मुआवजे की मांग को लेकर गणेश बाबा चौराहे के पास अयोध्या आजमगढ़ मार्ग को जाम कर धरना प्रदर्शन दिया गया था।डीएम नीतीश कुमार व एसएसपी प्रशांत वर्मा के समझाने के बाद लोगो ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया और आवागमन बहाल हुआ था। लेकिन दूसरे दिन ही 9 अगस्त को पूरा चौकी इंचार्ज की तहरीर पर समाजसेवी हरिओम सहित डेढ़ सौ अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

चेन स्नेचिंग गैंग के दो शातिर गिरफ्तार : मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं से छीनते थे चेन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर में सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाली महिलाओं से चेन स्नेचिंग करने वाले गैंग के सरगना समेत दो को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली नगर पुलिस ने यह गिरफ्तारी देवा हॉस्पिटल ओवरब्रिज के पास से बुधवार को की है। एसएसपी प्रशांत वर्मा ने गिरफ्तारी करने वाली टीम को दस हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।कोतवाल नगर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक बाइक व एक सोने की चेन बरामद की गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं।उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सेल अभिमन्यु शुक्ला की टीम ने बुधवार को देवा हास्पिटल ओवरब्रिज के पास सोनू पाल निवासी कादीपुर गाडर व अभिषेक उर्फ उत्कर्ष पाण्डेय निवासी तेलियागढ़ थाना गोसाईगंज को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी स्वतंत्रता दिवस पर सुबह मार्निंग वाक पर निकली महिला से गुलाबबाड़ी के पास से चेन छीनकर भाग गये थे। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी की फुटेज के जरिए दोनों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से लूटी गई सोने की चेन बरामद हुई है।उन्होंने बताया कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला है कि आरोपियों ने गोंडा के टीकरी जंगल के पास लगभग एक माह पूर्व एक घर से सामान चोरी किया था। गोसाईगंज के टंडौली रेलवे क्रासिंग के पास से एक दुकान से गैस सिलेंडर आदि चोरी किए थे।

अयोध्या राम नगरी में भगवान श्रीराम के गर्भ गृह में भी होगा भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या राम नगरी में भगवान श्रीराम के गर्भ गृह में इस बार भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।19 अगस्त को भगवान के जन्मोत्सव का आयोजन होगा। भगवान राम लला के कपाट 1 घंटे के लिए मध्य रात्रि में खोला जाएगा।भगवान श्रीराम को कृष्ण का स्वरूप मान पुजारी श्रृंगार करेंगे और आरती उतारेंगे। रात्रि 12:00 बजे घंट घड़ियाल की ध्वनि के साथ अवतरित होंगे श्री कृष्ण। 40 लीटर पंचामृत से भगवान को स्नान कराया जाएगा। डेढ़ कुंटल पंजीरी,15 किलो पेड़ा और मौसमी फलों से भोग लगाया जाएगा। राम जन्म भूमि रात्रि में मौजूद सुरक्षा बल और ट्रस्ट के पदाधिकारियों के बीच प्रसाद वितरित किया जाएगा ।अगले

दिन सुबह राम लला के भक्तों को भी कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसाद वितरित किया जाएगा । राम जन्मभूमि परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़ी ही हर्ष उल्लास के साथ और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

सदस्य उ० प्र० मत्स्य जीवी सह० संघ लि० लखनऊ ने जिलाधिकारी अयोध्या को भेजा मांग पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सदस्य उत्तर प्रदेश मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ गया शंकर कश्यप एडवोकेट ने जिलाधिकारी अयोध्या को एक पत्र लिखकर जनपद अयोध्या के समस्त तहसीलों में स्थित तालाबों,झीलों,पोखरों अन्य जल प्रणालियों में नहर,राजकीय नलकूपों से पानी भरवाने का आदेश देने के सम्बंध में भेजा है। श्री कश्यप ने पत्र के माध्यम से लिखा है कि वर्तमान समय में कम बरसात होने के कारण जनपद के समस्त झीले,तालाब,पोखर सूखे पड़े हैं जिस कारण मत्स्य पालकों,सिंघाड़ा खेती करने वाले किसानों को मत्स्य बीज उत्पादकों आदि किसानों का भारी नुकसान हो रहा है।मत्स्य पालकों को तत्काल प्रभाव से उनके तालाबों व झीलों, पोखरों में नहरों, माइनरों, राजकीय नलकूपों से पानी भराने का आदेश जारी किया जाए ताकि पानी की उपलब्धता हो सके मत्स्य पालक व सिंघाड़ा खेती करने वाले किसानों का अपनी खेती का कार्य शुरू किया जा सके। वर्तमान में सूखे की स्थित है सूखे की स्थिति से निपटने के लिए पानी की व्यवस्था कराया जाना जनहित में आवश्यक है।उन्होंने जनपद अयोध्या के मत्स्य पालको मत्स्य बीज उत्पादकों, सिंघाड़ा खेती करने वाले किसानों की समस्याओं को निजात दिलाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने स्तर से पत्राचार करके नहरो, माइनरो राजकीय नलकूपों से तालाबों,झीलों पोखरो अन्य जल प्रणालियों में पानी भरने का आदेश जारी करने की मांग की है ताकि जनपद के मत्स्य पालको को अपना लगान जमा करने में सुविधा हो सके।

अशफाक उल्ला खा मेमोरियल शहीद शोध संस्थान प्रबंध ने जिले के जनप्रतिनिधियों को सौंपा पांच सूत्रीय मांग–पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अशफाकध उल्ला खा मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने जिले के जनप्रतिनिधियों को पांच सूत्रीय पत्र देकर स्वतंत्रता दिवस पर स्थानीय कोतवाल के खिलाफ कार्रवाई करवाने की मांग किया है। पत्र में 1757 में मीरजाफर 1857 में राजा जगन्नाथ सिंह के प्रति उनके प्रति व्यवहार के संबंध में संस्थान को जानकारी देने की मांग भी किया है। उन्होंने पत्र में एच आर ए तथा एच एस आर ए जैसे क्रांतिकारी संगठनों के खिलाफ चले मुकदमों के मुखबिर तथा गवाह के पुतले स्वतंत्रता दिवस के दिन दहन करने पर उनकी राय चाही गयी है। जनप्रतिनिधियों को दिए गए पत्र में दशहरे पर रावण एवं होली में होलिका दहन की परम्परा पर भी उनसे सवाल उठाते हुए नगर कोतवाल के व्यवहार पर कार्रवाई कराने की मांग किया है।श्री पाण्डेय ने पत्र में पुलिस के व्यवहार को अमानवीय कहते हुए सत्ता दल के निर्वाचित लोगों से भाजपा का विचार स्पष्ट करने पर जोर दिया है। पत्र सांसद, विधायक तथा महापौर के आवासों पर भेजा जा चुका है।

राम नगरी के नया घाट चौराहे पर स्वर कोकिला लता मंगेशकर के नाम से प्रस्तावित चौराहे के निर्माण के विरोध में उतरे अयोध्या के वरिष्ठ संत जन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी के नया घाट चौराहे पर स्वर कोकिला लता मंगेशकर के नाम से प्रस्तावित चौराहे के निर्माण के विरोध में उतरे अयोध्या के वरिष्ठ संत जन। राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखेंगे अयोध्या के संत जन। अयोध्या में संतों की मांग आदि जगतगुरु वैष्णो संप्रदाय के नाम से हो चौक का निर्माण। नया घाट चौक का नाम जगतगुरु स्वामी रामानंदाचार्य के नाम से किया जाए मार्ग का भी नाम रामानंदाचार्य मार्ग रखा जाए। जिन्होंने मुगलों से संघर्ष किया जजिया कर का विरोध किया। चौक पर रामानंदाचार्य जी की विग्रह की की जाए स्थापना। संतों ने कहा कि अगर गवर्नमेंट विग्रह उपलब्ध नहीं करा पाती है तो जितनी भी बड़ी विग्रह मांग होगी हम कराएंगे उपलब्ध। एक सभागार और जगत गुरु जी के नाम से चौक का कराया जाएगा निर्माण। नया घाट चौराहे पर लता मंगेशकर के नाम से चौक के निर्माण का चल रहा है कार्य संतों ने निर्माण कार्य का किया विरोध। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास के नेतृत्व में अयोध्या धाम के वरिष्ठ संतो की उपस्थिति में संत समाज ने किया ऐलान।

82 वर्षीय हृदय रोगी महिला का हुआ सफल ऑपरेशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एक पुरानी कहानी हैं की जाको रखे सईया मार सके ना कोय कुछ इसी तरह वाक्या बुधवार को अयोध्या जिला चिकित्सालय से सामने आया जहां एक 82 वर्षीय महिला जिसका गिरने से उसका दाहिना कुलहा फैक्चर हो गया था वहीं आर्थिक रूप से परेशान होने के कारण अपनी मां का इलाज कराने के लिये तैयार नहीं था तो उन्होंने अपनी मां को अयोध्या के जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जहां डाक्टर ने उन्हें मेडिकल कालेज से आपरेशन कराने की सलहा दी परन्तु पैसों की तंगी के चलते उन्होंने इसी अस्पताल मे आपरेशन कराने की इच्छा जताई। जिसपर वरिष्ठ अर्थो सर्जन व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीबीएन त्रिपाठी ने परिजनों से बताया की इनका ऑपरेशन यहां के बजाय किसी बड़े अस्पताल मे कराये। उन्होंने बताया की उस पर श्री त्रिपाठी ने अपने अधीनस्थ बेहोशी के चिकित्सक से सलाह कर परिवार को बताया की माता के ऑपरेशन मे बड़ा रिस्क हैं। फिर भी परिवार हर रिस्क से सहमति जताते हुये डाक्टरो के ऑपरेशन कराने की सहमति जताई तब उसका बुधवार को ऑपरेशन किया गया। वहीं डाक्टर त्रिपाठी ने बताया की सहयोगी चिकित्सक डॉ. उत्तम कुमार के साथ मिलकर मैने ऑपरेशन शुरू किया। ऑपरेशन के बाद श्री त्रिपाठी ने अपने सहयोगी चिकित्सक व ओटी स्टॉफ को इस सफल ऑपरेशन पर सभी को बधाई दिया और ओटी मे मिष्ठान का वितरण कर खुशी का इजहार किया। उन्होंने बताया की इतनी उम्र की महिला व भी जिसे दिल की बीमारी हो उसका ऑपरेशन करना किसी भी चिकित्सा के लिये किसी चुनौती से कम नहीं होता। उसपर भी मरीज के परिजन को भी हिम्मत करना पड़ेगा। जैसा की इस ऑपरेशन मे देखने को मिला इसमें अगर परिवार की हिम्मत व सहमति न होती तो ऑपरेशन करना मुश्किल था। उन्होंने ऐसे सयाम रखने वाले परिजनों को भी सफल ऑपरेशन पर बधाई दिया। बीमार मरीज 82 वर्षीय कैलाश देवी निवासनी चौर बाजार थाना हैदरगंज जिला अयोध्या के सफल ऑपरेशन की खबर सुनते ही सीएमएस के फोन पर फोन आने लगे जिसपर केवल बधाई देने वाला ताँता लगा रहा।

आजादी अमृत महोत्सव पर्व पर एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन लखनऊ द्वारा निकाली गयी तिरंगा यात्रा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)देश में जहां एक ओर आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर आजादी अमृत महोत्सव पर्व हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से मनाया गया। इसी कड़ी में इस मौके पर एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन लखनऊ द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक तिरंगा यात्रा निकाला गया।जो लखनऊ के भूतनाथ मार्केट से निकल कर भूतनाथ मेट्रो स्टेशन, इंदिरा नगर, पालिटेक्निक चौराहा होते हुए बी ब्लॉक चौराहे पर आकर सम्पन्न हुआ। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अमित कुमार त्रिवेदी, सभासद व संस्था सचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव सहित संस्था के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। मालूम हो कि इस मौके पर देश में सभी लोगों ने तिरंगा रैली, अपने अपने घरों पर

तिरंगा झंडा फहराकर इस पर्व को हर्षोल्लास पूर्वक ढंग से मनाया।वही इस मौके पर सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों के साथ साथ राजनैतिक पार्टी कार्यालयों पर तिरंगा झंडा फहरा कर ध्वजारोहण किया गया।सरकारी व प्राइवेट कार्यालय पर भी तिरंगा फहराया गया।जनपद के सभी घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहराया।

बारिश न होने के चलते दिख रही सूखे की आहट : वही उमस भरी गर्मी से जीना हुआ मुहाल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अभी गत दिनों पहले मौसम विभाग का दावा एक बार फिर गलत साबित हुआ। अगर देखा जाए तो 17 अगस्त से इस बार भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में बारिश नहीं हुई है। वही इसके विपरीत मौसम विभाग का दावा था कि 17 अगस्त से पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी बारिश होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।मौसम विभाग की मानें तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम कमजोर पड़ गया है। इस बार बारिश ना होने से पूर्वी उत्तर प्रदेश के अयोध्या और देवीपाटन मंडलों के कई जिलों में सूखे ने दस्तक दे दी है। वही सूखे की आहट के बीच किसान सबसे अधिक चिंतित दिखाई दे रहे हैं।12 अगस्त से 15 अगस्त तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के 12 जनपदों में तेज पूर्वी हवाएं चली।जिसको देखते हुए मौसम विभाग ने 17 अगस्त से अयोध्या और देवीपाटन मंडलों समेत आसपास के 12 जनपदों में अच्छी बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन 16 अगस्त से मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। तेज चल रही हवाओं का रुख भी धीमा हो गया। और आसमान से बादल भी गायब हो गए। यानी पूरी तरीके से मौसम साफ हो गया। इसके चलते मौसम विभाग की बारिश की संभावना है एक बार फिर गलत साबित हुई।आचार्य नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों के कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। आसमान में हल्के बादल रहेंगे साथ ही 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

अधिवक्ताओ ने घंटो किया सड़क जाम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अधिवक्ता संघ की जबरदस्त हड़ताल अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार पर अधिवक्ता ने किया घंटो रोड जाम अयोध्या अधिवक्ता संघ में रही जबरदस्त हड़ताल चारों तरफ कचहरी में चाय पानी नाश्ता इलेक्ट्रोस्टेट सभी दुकानें बंद रही और चारों तरफ तालाबंदी रही 12बजे से 2 बजे तक दिन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा मंत्री सूर्य नारायण सिंह के नेतृत्व में भारी जुलूस पूरी कचहरी में निकला और यह विरोध पॉलिटेक्निक के पास स्थित कलिका हवेली रेस्टोरेंट्स के कर्मचारियों के द्वारा कचहरी के अधिवक्ताओं पर हुए प्राणघातक हमले से घायल अधिवक्ताओं के विरोध में जिला प्रशासन के मात्र एफ आई आर दर्ज करने के अलावा अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से नराज अधिवताओ ने किया घंटो रोड जाम बार एसोसिएशन अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्रा मीडिया से बात करते समय बताया कि 2 दिन से हम रोड जाम कर रहे हैं अगर अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कल थाने कैंट का घेराव करेंगे उसके बाद घेराव करेंगे भाजपा सरकार में केंट थानेदार की दबंगई इस तरह से है कि अधिवक्ताओं को मारा जाता है और मारने वाले को पुलिस गिरफ्तार भी नहीं करती कालका हवेली से थाना कैंट की पुलिस लाखों रुपया लेती है इसी वजह से अभियुक्तों कि गिरफ्तारी नहीं कर रही।

एक अवैध तमन्चा के साथ अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रशांत वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एंव पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा–निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी बीकापुर के कुशल पर्यवेक्षण में उ0नि0 हरेकृष्ण मय हमराह का0 प्रभाकर यादव द्वारा समय करीब 10.05 बजे तकमीनगंज पुल से एक अभियुक्त कृष्ण कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह पुत्र स्व0 हरिहर प्रसाद सिंह निवासी नाहरपुर थाना तारुन जनपद अयोध्या उम्र करीब 32 को एक अदद देशी तंमचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरप्तार कर मु0अ0स0 239/2022 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरप्तार शुदा अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)गत दिनों आजमगढ़ में माँ तमसा आरती के पांच वर्ष पूर्ण होंने पर माँ तमसा आरती के संयोजक अनिल सिंह ने विशाल भंडारे व भव्य आरती का आयोजन

किया।इस मौके पर वहां पर जिसमे मुख्य अतिथि केध रुप में आये परमात्मा दास महंत भरत कुंड नंदी ग्राम के साथ साथ विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्र नेता साकेत महाविद्यालय मनीष सिंह रहे।इस कार्यक्रम में अजय सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा ,समाजिक संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।